# Daily Current Affairs
# 13 June 2022



# Index


- बारहवां विश्व व्यापार संगठन मंत्रिस्तरीय सम्मेलन
- बाल श्रम उन्मूलन सप्ताह
- राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वितरण मूल्यांकन- 2021
- पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक
- खेलों, पहेलियों और कॉमिक्स के माध्यम से बच्चों में कर साक्षरता का प्रसार
- गोवा में राष्ट्रीय सीमा शुल्क और जीएसटी संग्रहालय – 'धरोहर'
- पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक
- युवा भारोत्तोलन विश्व चैम्पियनशिप


BYJU'S EXAM PREP

# Important News: InterNational

## 1. बारहवां विश्व व्यापार संगठन मंत्रिस्तरीय सम्मेलन

**चर्चा में क्यों:**

- बारहवां विश्व व्यापार संगठन मंत्रिस्तरीय सम्मेलन पांच वर्षों के अंतराल के बाद स्विट्जरलैंड के जिनेवा में 12 जून 2022 से शुरू किया गया है।




**प्रमुख बिंदु:**

- वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा विश्व व्यापार संगठन मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया गया।
- इस वर्ष के सम्मेलन में चर्चा और वार्ता के प्रमुख क्षेत्रों में विश्व व्यापार संगठन की महामारी की प्रतिक्रिया, मत्स्य पालन सब्सिडी वार्ता और खाद्य सुरक्षा के लिए सार्वजनिक स्टॉकहोल्डिंग सहित कृषि जैसे मुद्दों को शामिल किया गया हैं।
- बौद्धिक संपदा के संबंध में, भारत का पक्ष (i) विकासशील देशों और एलडीसी द्वारा COVID-19 महामारी को संबोधित करने के लिए ट्रिप्स लचीलेपन का उपयोग करने में आने वाली कठिनाइयों की पहचान, और (ii) प्रतिक्रियाओं की घोषणा के तहत ट्रिप्स छूट निर्णय की पुन: पुष्टि, है।
- भारत 1 जनवरी 1995 से विश्व व्यापार संगठन का संस्थापक सदस्य है और 8 जुलाई 1948 से GATT का सदस्य है।

**स्रोत: पीआईबी**

# Important News: India

## 2. बाल श्रम उन्मूलन सप्ताह

**चर्चा में क्यों:**

- राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष्य में आजादी का



अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में 12 से 20 जून तक 75 स्थानों पर बाल श्रम उन्मूलन सप्ताह का आयोजन किया गया है।

**प्रमुख बिंदु:**

- बाल श्रम उन्मूलन सप्ताह के तहत देश भर में 75 स्थानों पर जहां बच्चे श्रम कार्य से जुड़े हैं, बचाव अभियान चलाए जायेगा।
- बाल श्रम उन्मूलन सप्ताह का उद्देश्य विभिन्न जिलों में बाल श्रम की समस्या पर ध्यान देने और इसे खत्म करने के तरीके खोजने के कार्य को महत्व देना है।
- राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) का गठन भारत सरकार द्वारा बाल अधिकार सुरक्षा आयोग (सीपीसीआर) अधिनियम, 2005 की धारा 3 के तहत एक सांविधिक निकाय के रूप में किया गया है, जो बाल अधिकारों के संरक्षण से संबंधित है।
- बाल श्रम उन्मूलन सप्ताह का लक्ष्य बाल श्रम मामलों के शिकार बच्चों की जांच और पुनर्वास के लिए निर्धारित प्रक्रिया की समझ को सरल बनाने का प्रयास करना है।

**स्रोत: जनसत्ता**

## 3. राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वितरण मूल्यांकन- 2021

**चर्चा में क्यों:**

- केंद्रीय मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह द्वारा राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वितरण मूल्यांकन- 2021 का दूसरा संस्करण जारी किया गया।




**प्रमुख बिंदु:**

- एनईएसडीए 2021 की रिपोर्ट राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों के आकलन को कवर करते हुए तैयार की गई है जिसका उद्देश्य नागरिकों को ऑनलाइन सेवाएं देने में केंद्रीय मंत्रालयों की प्रभावशीलता पर ध्यान केंद्रित करना है।
- राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वितरण मूल्यांकन- 2021 का लक्ष्य सरकारों को अपनी ई-गवर्नेंस सेवा वितरण प्रणाली को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव प्रदान करना है।
- राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वितरण मूल्यांकन-2021 में सात क्षेत्रों से जुड़ी सेवाएं - वित्त, श्रम और रोजगार, शिक्षा, स्थानीय शासन और उपयोगिता सेवाएं, समाज कल्याण, पर्यावरण और पर्यटन क्षेत्रो को शामिल किया गया हैं।
- इस वर्ष के मूल्यांकन में प्रत्येक राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए 56 अनिवार्य सेवाओं और प्रमुख केंद्रीय मंत्रालयों के लिए 27 सेवाओं को शामिल किया गया है साथ ही आठ राज्य /

केंद्रशासित प्रदेश स्तर की सेवाएं और चार केंद्रीय मंत्रालय की सेवाओं को भी इस वर्ष राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वितरण मूल्यांकन में शामिल किया गया हैं।

**स्रोत: द हिंदू**

## 4. पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक

**चर्चा में क्यों:**

- केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा दीव में पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता की गयी।



**प्रमुख बिंदु:**

- पहली बार पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की बैठक का आयोजन दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव में किया गया है।
- पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में छह विषयों को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण विषयों के रूप में चिन्हित किया गया है जिनमें - ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं में सुधार, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ बलात्कार और यौन अपराधों के मामलों की निगरानी, ऐसे मामलों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का कार्यान्वयन, समुद्र में समुद्री मछुआरों की पहचान का सत्यापन, समुद्रों में बड़े स्तर पर बचाव अभियान के लिए तटीय राज्यों द्वारा स्थानीय आकस्मिक योजना का विकास, और, सार्वजनिक खरीद में वरीयता के माध्यम से मेक इन इंडिया को प्रोत्साहन, को शामिल किया गया है।
- क्षेत्रीय परिषद की बैठक में स्थायी समिति की पहल पर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अपने परिवेश पोर्टल में प्रतिपूरक वनरोपण को आरक्षित वनों/संरक्षित वनों के रूप में बढ़ाने के लिए पहचान और गैर-वन भूमि की अधिसूचनाओं को अपलोड करने के लिए एक विंडो शामिल किए जाने की भी घोषणा की गयी है।
- पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की बैठक का उद्देश्य सहकारी संघवाद की भावना से राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के सरकार के संकल्प और कटिबद्धता को दर्शाना है।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

## 5. खेलों, पहेलियों और कॉमिक्स के माध्यम से बच्चों में कर साक्षरता का प्रसार

**चर्चा में क्यों:**



- आयकर विभाग द्वारा "खेलों, पहेलियों और कॉमिक्स" के माध्यम से बच्चों में कर साक्षरता का प्रसार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं।

**प्रमुख बिंदु:**

- खेलों, पहेलियों और कॉमिक्स के माध्यम से हाई स्कूल के छात्रों के लिए कराधान, जिन्हें अक्सर जटिल माना जाता है, से संबंधित अवधारणाओं के लिए नया प्रोडक्ट प्रस्तुत किया गया है।
- आयोजन के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा गोवा के पणजी में आजादी का अमृत महोत्सव प्रतिष्ठित सप्ताह के समापन समारोह में वित्तीय और कर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से संचार और लोक संपर्क प्रोडक्ट की एक श्रृंखला भी लॉन्च की गयी है।
- केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा खेलों, पहेलियों और कॉमिक्स के तहत प्रस्तुत किए गए नए प्रोडक्टो में-
    - सांप, सीढ़ी और टैक्स
    - भारत का निर्माण
    - इंडिया गेट - 3डी पहेली
    - डिजिटल कॉमिक बुक्स, को शामिल किया गया है।
- खेलों, पहेलियों और कॉमिक्स के तहत प्रस्तुत किए गये इन प्रोडक्ट को आरंभ में देश भर में फैले आयकर कार्यालयों के नेटवर्क के माध्यम से स्कूलों में वितरित किया जाएगा।

**स्रोत: पीआईबी**

# Important News: State

## 6. गोवा में राष्ट्रीय सीमा शुल्क और जीएसटी संग्रहालय – 'धरोहर'

**चर्चा में क्यों:**



- केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने पणजी गोवा में राष्ट्रीय सीमा शुल्क और

जीएसटी संग्रहालय, धरोहर को राष्ट्र को समर्पित किया।

**प्रमुख बिंदु:**

- दो मंजिला 'ब्लू बिल्डिंग', जिसे पहले गोवा में पुर्तगाली शासन की अवधि के दौरान अल्फांडेगा के नाम से जाना जाता था, 400 से अधिक वर्षों से पणजी में मंडोवी नदी के तट पर खड़ी है।
- धरोहर देश में अपनी तरह का एक संग्रहालय है जो न केवल भारतीय सीमा शुल्क द्वारा जब्त की गई कलाकृतियों को प्रदर्शित करता है बल्कि सीमा शुल्क विभाग द्वारा किए गए कार्यों के विभिन्न पहलुओं को भी दर्शाता है।
- 'धरोहर' में आठ दीर्घाएँ हैं जैसे: परिचयात्मक दीर्घा, कराधान इतिहास दीर्घा, हमारी आर्थिक सीमा संरक्षक दीर्घा, हमारी कला और विरासत के संरक्षक, वनस्पतियों और जीवों के संरक्षक, हमारे सामाजिक कल्याण के संरक्षक, अप्रत्यक्ष करों की यात्रा - नमक कर जीएसटी और जीएसटी दीर्घा, जबकि जीएसटी गैलरी, धरोहर संग्रहालय के लिए एक नया अतिरिक्त दीर्घा है।
- देश में यह अपनी तरह की पहली पहल है जो दो दशकों में जीएसटी की लंबी और कठिन यात्रा से होकर गुजरती है।

**स्रोत: पीआईबी**

## Important News: Environment

### 7. पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक

**चर्चा में क्यों:**

- येल और कोलंबिया विश्वविद्यालयों द्वारा संयुक्त रूप से वर्ष 2022 के लिए पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक जारी किया गया।



**प्रमुख बिंदु:**

- इस वर्ष पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक में भारत को 18.9 के स्कोर के साथ 180वें स्थान पर रखा गया है जो की पाकिस्तान, बांग्लादेश, वियतनाम और म्यांमार के बाद अंतिम स्थान पर आता है।
- इस वर्ष  डेनमार्क पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक में 77.9 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान पर है, जबकि यूनाइटेड किंगडम और फिनलैंड को क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रखा गया है।
- पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक, देशों की उनके पर्यावरणीय स्वास्थ्य के आधार पर एक अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग प्रणाली है।

- यह एक द्विवार्षिक सूचकांक है, जिसे पहली बार 2002 में येल सेंटर फॉर एनवायर्नमेंटल लॉ एंड पॉलिसी और कोलंबिया यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर इंटरनेशनल अर्थ इंफॉर्मेशन नेटवर्क के सहयोग से वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम द्वारा पर्यावरण स्थिरता सूचकांक के रूप में शुरू किया गया था।
- इस वर्ष पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक में 180 देशों का आकलन और उन्हें रैंक प्रदान करने के लिए 40 प्रदर्शन संकेतकों का उपयोग किया गया है, जो कि जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन, पर्यावरणीय स्वास्थ्य और पारिस्थितिकी तंत्र जीवन शक्ति की व्यापक श्रेणियों के अंतर्गत आते हैं।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

# Important News: Sports

## 8. युवा भारोत्तोलन विश्व चैम्पियनशिप



- भारत की आकांक्षा व्यवहारे ने युवा भारोत्तोलन विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक अपने नाम किया।
- मैक्सिको में आयोजित युवा भारोत्तोलन विश्व चैम्पियनशिप में आकांक्षा द्वारा महिलाओं के चालीस किलोग्राम वर्ग में कुल 127 किलोग्राम भार उठाकर यह पदक अपने नाम किया गया है।
- स्नैच में आकांक्षा द्वारा 59 किलोग्राम वजन उठाकर पहला स्थान प्राप्त किया गया वहीँ क्लीन और जर्क में आकांक्षा द्वारा 68 किलोग्राम वजन उठाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया गया है।
- युवा भारोत्तोलन विश्व चैम्पियनशिप में विजय प्रजापति (पुरुष, 49 किग्रा भार वर्ग) ने भी इस चैम्पियनशिप में रजत पदक अपने नाम किया है।
- आकांक्षा भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के 'नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीईं, औरंगाबाद) और विजय भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के 'नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के पटियाला इकाई के प्रशिक्षु हैं।

**स्रोत: न्यूज़ ऑन एयर**